प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- सुप्रीम कोर्ट ने धनबाद में अवैध कोयला खनन मामले की सीबीआई जांच पर लगायी रोक, सीबीआई और इडी को पक्ष रखने का दिया निर्देश।
- राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज, भाजपा प्रत्याशियों की सूची तैयार, आज हो सकती है उम्मीदवारों के नामों की घोषणा, कांग्रेस की सूची कल हो सकती है जारी।
- इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर आज होगी बैठक, राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लू भट्टी विक्रमार्क रांची पहुंचे, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भी आज आयेंगे रांची।
- राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक सवा करोड़ की अवैध सामग्री और नगदी जब्त, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों पर कार्रवाई का दिया निर्देश।
- 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का समापन, साउथ छोटानागपुर रेंज बना स्टेट चैंपियन।

***************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें धनबाद में अवैध कोयला खनन और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत 3 अक्टूबर को इस मामले में प्रतिवादी बने सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच करने का निर्देश सीबीआई को दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई और इडी को इस मामले में अपना पक्ष रखने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई10 दिसंबर को होगी।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गयी है। सभी राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा आज प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इससे पहले रांची में एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा करते हुए पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह चुनाव सत्ता के लिए नहीं है बल्कि झारखंड की अस्मिता बचाने का चुनाव है।

***************

उधर, कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की सूची कल जारी हो सकती है। पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी आज रांची पहुंच रहे हैं। वे संविधान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। श्री गांधी पार्टी नेताओं के साथ बैठक भी कर सकते हैं। पार्टी के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रांची में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि प्रत्याशियों की सूची पार्टी हाईकमान को भेज दी है। केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगेगी।

***************

इधर, सीट शेयरिंग का फार्मूला तय करने के लिए आज इंडी गठबंधन की बैठक मुख्यमंत्री आवास पर होगी। बैठक में भाग लेने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस के पर्यवेक्षक मल्लू भट्टी विक्रमार्क रांची पहुंच गये हैं। बैठक में गठबंधन का स्वरुप तय होने की संभावना है। इसके बाद सीटों के बंटबारे को लेकर आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

***************

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक सवा करोड़ रुपये के अवैध सामान और नगदी जब्त की गयी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा. नेहा अरोड़ा ने बताया कि सबसे अधिक पलामू जिले में 26 लाख 51 हजार रुपये जब्त किये गये हैं।

***************

चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने वाले कारकों पर अंकुश लगाने के लिए निर्वाचन आयोग तकनीक का भी सहारा ले रहा है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस सप्ताह के दौरान प्रत्येक सरकारी कर्मी को कम से कम 4 घंटे का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

***************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें श्री कोड़ा ने कोयला घोटाला मामले में उन्हें निचली अदालत से दोषी ठहराये जाने के फैसले को रद्द करने की मांग की थी। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद श्री कोड़ा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

***************

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता 2023 की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। यह परीक्षा 21 और 22 सितंबर को ली गयी थी। अंतिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक के हस्ताक्षर से जारी अंतिम उत्तर कुंजी में 21 विषयों के 21 प्रश्नों को रद्द कर दिया है।

***************

19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट–2024 का समापन हो गया है। रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता में 29 अंक के साथ दक्षिण छोटानागपुर स्टेट चैंपियन बना। जबकि 26 अंक हासिल कर सीआईडी स्टेट की टीम दूसरे स्थान पर रही। एकल प्रतियोगिता में सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार कालिंदी चैंपियन और नविता कुमारी महतो उप विजेता रही।

***************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– भाजपा 68 सीटों पर लड़ेगी, आजसू को 10 और जदयू को दो, लोजपा को चतरा।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– भाजपा 68, आजसू 10 सीट पर लड़ेगी।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– भाजपा ने मांडू–ईचागढ़ आजसू को सौंपा, सरयू को पूरब से पश्चिम भेजा।

दैनिक जागरण लिखता है– एनडीए में सीटों का हुआ बंटवारा, भाजपा 68, आजसू 10, जदयू दो व लोजपा एक।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है–झारखंड विधानसभा चुनावः एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुस दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

************